झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, रांची

महत्त्वपूर्ण सूचना

पंचम् संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा कार्यक्रम

झारखण्ड लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–06/2013 के आलोक में **पंचम् संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा** कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित हैः–

परीक्षा तिथि	पाली	समय	पत्र संख्या	विषय	स्वरुप	अंक
15.12.2013 (रविवार)	प्रथम	10.30 बजे पूर्वा0 से 12.30 बजे अप0 तक (दो घंटे)	प्रथम	सामान्य अध्ययन/General Studies : Paper-I	वस्तुनिष्ठ	100
	द्वितीय	2.00 बजे अप0 से 4.00 बजे अप0 तक (दो घंटे)	द्वितीय	सामान्य अध्ययन/General Studies : Paper-II	वस्तुनिष्ठ	100

सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश, प्रवेश पत्र एवं उपस्थिति पत्रक से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैः–

(i) **इस परीक्षा के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जाएँगे।**

(ii) **आयोग के वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल होने की व्यवस्था की गई है।**

(iii) **औपबंधिक (Provisional) प्रवेश पत्र एवं अनुदेश के साथ पालीवार दो उपस्थिति पत्रक की प्रति आयोग के वेबसाइट से अभ्यर्थी डाउनलोड करेंगे।**

(iv) **आयोग के वेबसाइट पर दिनांक–13.11.2013 (बुधवार) से अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक सम्बन्धित लिंक पर अपना Registration ID (RID) एवं Password (जो आपके email अथवा मोबाईल पर पूर्व में आवेदन भरने के उपरांत आपको निर्गत किया गया था तथा जिसका उपयोग कर आपके द्वारा आवेदन की मुद्रित प्रति प्राप्त कर आयोग को प्रेषित किया गया है) डालकर डाउनलोड कर सकते हैं। Password अनुपलब्धता की स्थिति में Download Admit Card Window पर Forgot Password की सहायता लें। यदि आपको प्रवेश पत्र (Admit Card) प्राप्त करने में कठिनाई है तो Helpline No.-(0651)2213009 पर सम्पर्क करें।**

(v) **यदि प्रवेश–पत्र डाउनलोड करते समय फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/रौल नं0 बार कोड पर (X) का चिन्ह आता है (जो इंटरनेट स्पीड कम होने के कारण हो सकता है) तो प्रवेश–पत्र पुनः डाउनलोड करें।**

(vi) यदि कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो वे आयोग के पूछताछ काउन्टर से दिनांक–**02.12.2013 (सोमवार) से 05.12.2013 (गुरुवार)** तक कार्यालय अवधि में अपना Registration ID (RID), Password, नाम, पिता का नाम एवं जन्मतिथि बताकर प्राप्त कर सकते हैं।

(vii) अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र, उपस्थिति पत्रक एवं परीक्षा केन्द्र की जांच कर लें । यदि उनमें कहीं कोई त्रुटि नजर आती है तो आयोग के पूछताछ काउन्टर से दिनांक–**02.12.2013 (सोमवार) से 05.12.2013 (गुरुवार)** को अवश्य सम्पर्क कर लिखित आवेदन समर्पित करें। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई कार्रवाई संभव नहीं होगी।

(viii) अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र एवं उपस्थिति पत्रक अपने परीक्षा केन्द्र पर अवश्य साथ लाएँ अन्यथा उन्हें परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा।

(ix) अभ्यर्थी आवेदन के समय अपलोड किए गये फोटो **Stamp size** की दो स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने साथ अपने परीक्षा केन्द्र पर अवश्य लायें।

(x) नेत्रहीन अभ्यर्थी श्रुतलेखक हेतु परीक्षा तिथि से 03 दिन पूर्व वांछित चिकित्सा प्रमाण–पत्र सहित अपने केन्द्र पर उपस्थित होकर केन्द्राधीक्षक को प्रार्थना पत्र समर्पित करेंगे, जिसके आधार पर केन्द्राधीक्षक द्वारा इस निमित यथा–निर्देशित व्यवस्था की जानी है।

(xi) अभ्यर्थीगण उत्तर–पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 शीट में आवश्यक जानकारियाँ प्रविष्ट करने के पूर्व प्रवेश–पत्र, ओ0एम0आर0 शीट एवं उत्तर–पुस्तिका में दिए गए निर्देशों को पढ़कर ही प्रविष्टि अंकित करें।

(xii) परीक्षा केन्द्र परिसर में मोबाईल फोन या अन्य कोई Electronic उपकरण (Gadget) रखने की अनुमति नहीं है। अतः परीक्षार्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केन्द्र पर कागज/पर्ची, मोबाईल फोन सहित प्रतिबन्धित वस्तुएँ यथाः बैग, पाठ्य पुस्तिकाएं, खाद्य सामग्री, पानी की बोतल एवं हथियार इत्यादि साथ नहीं लायें। इन अनुदेशों का उल्लंघन किये जाने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी के खिलाफ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं में बैठने पर रोक सहित दंडात्मक/अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

(xiii) परीक्षार्थी से अपेक्षा की जाती है कि वह परीक्षा आरंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में पहुंच कर तुरन्त अपनी सीट पर बैठ जायें। परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय के पश्चात् आने वाले परीक्षार्थी परीक्षा भवन में प्रवेश के अधिकारी नहीं होंगे। केन्द्राधीक्षक विशेष परिस्थितियों में नियत समय से 15 मिनट विलंब तक आने वाले परीक्षार्थी को स्वविवेक से प्रवेश की अनुमति दे सकते हैं, किन्तु 15 मिनट के उपरांत किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(xiv) अभ्यर्थियों के निमित परीक्षा संबंधी अन्य सामान्य निर्देश आयोग की वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–

सचिव

झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची